पत्रांक– SPMU/246/2024-390

बिहार सरकार
शिक्षा विभाग

प्रेषक,

विनायक मिश्र भा० प्र० से०
नोडल पदाधिकारी,
बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, पटना।

सेवा में,

निदेशक/अध्यक्ष/प्रधानाचार्य,
बिहार राज्य अवस्थित सभी निजी संस्थान।

पटना, दिनांकः– 28/11/2025

विषयः– बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना अंतर्गत bsccbihar-iiqa.bihar.gov.in पोर्टल पर विवरणी एवं वांछित दस्तावेज अद्यतन करने के संबंध में।

महाशय

उपर्युक्त विषय के संबंध में अंकित करना है कि विभाग द्वारा प्रकाशित सूचना SPMU/01/2025 दिनांक– 20.02.2025 के द्वारा राज्य अवस्थित सभी निजी संस्थानों को NAAC के समतुल्य bsccbihar-iiqa.bihar.gov.in पोर्टल पर पंजीकृत करते हुए सभी वांछित दस्तावेजों को अद्यतन करने का आदेश दिया गया था। ज्ञातव्य हो कि सत्र–2025–26 से राज्य के संस्थानों के लिए NAAC अथवा NIRF अथवा NBA की मानक अर्हत्ता पूर्ण करने वाले संस्थानों को योजना के लाभ जारी रखना अथवा वैकल्पिक पोर्टल के माध्यम से संस्थानों के भौतिक जाँचोंपरांत ही लाभ दिया जाने का स्पष्ट उल्लेख था। अपरिहार्य कारण यथा AISHE CODE इत्यादि को ध्यान में रखते हुए सत्र–2025–26 के लिए राज्य अवस्थित निजी संस्थानों के लिए निर्धारित मानक अर्हत्ता को क्षांत किया गया था।

उपरोक्त के आलोक में सभी निजी संस्थानों को निर्धारित मानक अर्हत्ता NAAC की Grading अथवा NIRF का Ranking अथवा NBA का Accreditation प्राप्त करने अथवा इसके लिए संबंधित के पोर्टल पर Apply करने की बाध्यता होगी। इसी क्रम मे बिहार स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड योजना द्वारा निर्धारित की गयी नूतन पोर्टल यथा– bsccbihar-iiqa.bihar.gov.in पर सभी संस्थान अपना–अपना वांछित दस्तावेजों के साथ IIQA अद्यतन करेगें। जिन संस्थानों के AISHE Code उपलब्ध नहीं हुए हैं, वे इस अवधि में अपना AISHE Code प्राप्त करते हुए उक्त पोर्टल पर अपना IIQA अद्यतन करना आदेशित हैं।

जो संस्थान उपरोक्त आदेशों के अन्तर्गत अग्रेतर कार्यवाही नहीं करेगें उन संस्थानों को सत्र– 2026–27 से योजना का लाभ जारी नहीं रखा जाएगा और इसके लिए संबंधित संस्थान जिम्मेवार होगें।

अतएव आप सभी से अनुरोध है कि माह फरवरी–2026 तक NAAC की Grading अथवा NIRF का Ranking अथवा NBA का Accreditation को कार्यालय में उपलब्ध कराने अथवा bsccbihar-iiqa.bihar.gov.in पोर्टल पर अपने संस्थान के विवरणी एवं वांछित दस्जावेजों को अद्यतन करना सुनिश्चित करें।

विश्वासभाजन

27/11/25

(विनायक मिश्र)
नोडल पदाधिकारी,
बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, पटना।

553
R. S (All Letter)

Email- spmubscc@bihar.gov.in | Ph. No.- 0612-22300